01/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सभी अन्य बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ी से बढ़ रही है। सुश्री सीतारमण ने कहा कि यह बजट विकास को गति देने के लिए समर्पित है, जो 'विकसित भारत' की हमारी आकांक्षाओं से प्रेरित है।

केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अरुणाचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ACCI) के अध्यक्ष ताई नाचुंग ने टेक्स रिलेक्शेसन को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने की सराहना की है। उनका मानना है कि इस कदम से करदाताओं को काफी राहत मिलेगी और राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। श्री ताई ने कहा कि बजट गरीबों के अनुकूल है और समाज के उक्त वर्ग को बड़ी राहत देगा। उन्होंने पहली बार उद्यमियों के रूप में एससी और एसटी महिलाओं को 2 करोड़ रुपये तक के टर्म लोन की भी सराहना की।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक ने आज दोंगिन त्योहार के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों विशेष रूप से आदी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि यह उत्सव राज्य में समृद्धि, खुशहाली और भरपूर फसल लेकर आयेगा।

राज्यपाल ने कहा कि कृषि अरुणाचल प्रदेश की रीढ़ है, जो यहां के लोगों के जीवन और आजीविका से गहराई से जुड़ी हुई है। हमारा समुदाय कई ऐसे त्यौहार मनाने में गर्व महसूस करता है, जो हमारी कृषि प्रथाओं से जुड़े हुए हैं। ये त्योहार पीढ़ियों से चली आ रही हमारी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को खूबसूरती से प्रदर्शित करते हैं। आदी समुदाय का दोंगिन त्यौहार इस समृद्ध विरासत का प्रमाण है, जो हमारे लोगों और प्रकृति के बीच सद्भाव को दर्शाता है। राज्यपाल ने प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं से इन समारोहों में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में गर्व महसूस करने का आग्रह किया।

0000000000000000000

कैपिटल पुलिस ने हाल ही में फैली अफवाहों को संबोधित करते हुए एक महत्वपूर्ण सलाह जारी की है, जिसमें कथित तौर पर स्कूली बच्चों को कैंडी के रूप में वितरित की जा रही "स्ट्रॉबेरी क्विक" या फ्लेवर्ड मेथामफेटामाइन नामक दवा के बारे में बताया गया है। यह दवा विभिन्न फ्लेवर में उपलब्ध है, जिसकी वजह सभी अभिभावकों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह दावा इंटरनेट पर लंबे समय से चल रहा एक झूठ है, जो पहली बार 2007 में संयुक्त राज्य अमेरिका में सामने आया था। इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए  कैपिटल पुलिस ने सभी से सतर्क रहने का आग्रह किया है और ऐसे अफवाहों को किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बढ़ावा न देने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से बच्चों को यह शिक्षित करने की अपील की है कि वे कभी भी अजनबियों से कोई भी चीज न ले।

नशीली दवाओं से संबंधित गतिविधियों के बारे में किसी भी तरह के अफवाहों की खबर 112 पर कैपिटल पुलिस से साझा कर सकते है। कैपिटल पुलिस ने अपने परामर्श में कहा है कि इसका उद्देश्य जनता को सूचित रखना और यह सुनिश्चित करना है कि अफवाहें समुदाय में अनावश्यक रूप से भय पैदा न करें।

0000000000000000000

पासीघाट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की गई बाइक को बरामद करते हुए चोरी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गत 8 जनवरी की रात को पासीघाट के जारकोंग से श्री दोंदुप चोइफेल की केटीएम ड्यूक 200 बाइक उनके घर से चोरी हो गई थी, जिसके बाद पासीघाट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। ईस्ट सियांग एसपी पंकज लांबा ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने चोरी की गई बाइक को असम के धेमाजी में एक केटीएम सर्विस सेंटर से ट्रेस किया। एसडीपीओ, पासीघाट डॉ. आकांक्षा मिलिंद तमगाडगे के मार्गदर्शन में एक समन्वित अभियान शुरू किया गया जिसके तहत पासीघाट पुलिस स्टेशन, के एसआई कोदाक दाग्युम और एसआई इगेल लोलेन, ओसी, पुलिस स्टेशन, रुक्सिन के नेतृत्व वाली टीम ने संदिग्ध के स्थान को ट्रैक कर जोनाई पुलिस के सहयोग से लाइमेकुरी, असम के रहने वाले 23 वर्षिय हरिनाथ दोले को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से बाइक बरामद की। उससे पूछताछ के बाद जोनाइ के रहने वाले तैतीस वर्षिय बिष्णु पेगु को भी गिरफ्तार किया गया, जिसने चोरी की गई बाइक हरिनाथ डोले को बेची थी।

0000000000000000000

आईसीआर के न्यीशी समुदाय आज से निरजुली के न्योकुम ग्राउंड में बोरी बूट युलो उत्सव मना रहे हैं। समारोह में लेकांग के विधायक लिखा सोनी और ईटानगर के डिप्टी कमिश्नर तालो पोतोम की उपस्थिति रही। दोनों गणमान्यों ने समुदाय को समृद्ध बोरी बूत युलो उत्सव के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बोलते हुए, विधायक लिखा सोनी ने न्यीशी जनजाति की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने परंपराओं को जीवित रखने और उन्हें युवा पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए समुदाय के प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त तालो पोतोम ने भी समुदाय को उनकी अनूठी संस्कृति को प्रदर्शित करने के उनके प्रयासों में प्रशासन के समर्थन का आश्वासन दिया।

0000000000000000000